रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | | |

**2026**

प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र

**Sample Paper**

समाजशास्त्र (सैद्धान्तिक)

**SOCIOLOGY (THEORY)**

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**Time : 3 Hours]** **[ Max.Marks: 80**

निर्देश : (i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 29 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**Directions :** There are in all 29 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

Queston No.1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No.2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 17 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।

Question no. 8 to 17 are to be answered in about 40 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 18 से 25 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

Question no. 18 to 25 are to be answered in about 100 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 26 से 28 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

Question No. 26 to 28 are to be answered in about 250 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 29 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिये।

Question No. 29 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(ix) इस प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice is this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना किस वर्ष हुई? 1

(i) 1951 (ii) 1952

(iii) 1953 (iv) 1954

In which year was the census of independent India conducted?

(i) 1951 (ii) 1952

(iii) 1953 (iv) 1954

(ख) वर्ण कितने प्रकार के होते हैं? 1

(i) एक (ii) दो

(iii) तीन (iv) चार

How many types of *Varnas*?

(i) One (ii) Two

(iii) Three (iv) Four

(ग) कौन सी जाति प्रबल जाति नहीं है? 1

(i) जाट (ii) वोक्कालिगास

(iii) रेड्डी (iv) धोबी

Which caste is not a dominant caste?

(i) Jat (ii) Vakkaligas

(iii) Reddi (iv) Dhobi

(घ) खदान एक्ट कब पारित किया गया? 1

(i) 1952 (ii) 1953

(iii) 1954 (iv) 1955

When was the Mines Act passed?

(i) 1952 (ii) 1953

(iii) 1954 (iv) 1955

(ङ) जाति व्यवस्था में परिवर्तन का प्रमुख कारण क्या है? 1

(i) औद्योगीकरण (ii) वैश्वीकरण

(iii) शिक्षा का प्रसार (iv) उपरोक्त सभी

What is the main cause of change in the Caste system?

(i) Industrialisation (ii) Globalisation

(iii) Spread of education (iv) All of these

(च) पश्चिमीकरण का अर्थ क्या है? 1

(i) भारतीय परम्पराओं का छोड़ना (ii) पश्चिमी जीवन शैली और मूल्यों का अपनाना

(iii) आर्थिक असमानता (iv) सांस्कृतिक संघर्ष

What is the meaning of westernisation?

(i) Leaving Indian tradition (ii) Adopting western lifestyle and values

(iii) Economic inequality (iv) Cultural conflict

(छ) यदि किसी गाँव में उच्च जाति के लोग निम्न जाति के लोगों को सामाजिक आयोजनों में शामिल नहीं करते हैं, तो यह निम्न में से किसका उदाहरण है? 1

(i) आर्थिक विषमता | (ii) सामाजिक बहिष्कार

(iii) राजनीतिक असमानता | (iv) सांस्कृतिक परिवर्तन

If the upper caste people in a village do not include the lower caste people in social events, then this is an example of which of the following?

(i) Economic inequality | (ii) Social exclusion

(iii) Political inequality | (iv) Cultural change

(ज) औद्योगिक समाज में नवाचार के लिए युवाओं को प्रेरित करने का सर्वोत्तम तरीका क्या है? 1

(i) शिक्षा, प्रशिक्षण और स्टार्ट–अप फंडिग उपलब्ध कराना

(ii) युवाओं पर केवल नौकरी के लिए दबाव डालना

(iii) युवाओं की रचनात्मक सोच को अनदेखा करना

(iv) इनमें में से कोई नहीं

What is the best way to motivate young people for innovation in an industrial society?

(i) Providing education, training and start-up funding

(ii) Pressuring the youth only for jobs.

(iii) Ignoring the creative thinking of youth

(iv) None of these

**निर्देश :** प्रश्न सं. 1 के अगले खण्ड में दो कथनों का **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii), तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction:** In next parts of question No. 1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

Both A and R, are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

Both A and R, are correct and R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(iii) A तथा R दोनों गलत है।

Both A and R is incorrect.

(झ) **अभिकथन (A)** : हरित क्रांति से भारत में कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है।

**कारण (R)** : हरित क्रांति ने आधुनिक तकनीक उच्च उत्पादक बीजों और सिचाईं के साधनों का प्रयोग बढ़ाया। 1

**Assertion (A)** : The green revolution had led to an increase in agriculture production in India.

**Reason (R)** : The green revolution increased the use of modern technology high, yielding seeds and irrigation facilities.

(ञ) **अभिकथन (A)** : औद्योगीकरण से नगरीकरण हुआ।

**कारण (R)** : उद्योग मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होते हैं। 1

**Assertion (A)** : Idustralisation led to urbanisation.

**Reason (R)** : Industries are mainly established in rural areas.

2. जाति के आधार पर भेदभाव को क्या कहते हैं? 1

What is discrimination on the basis of caste called?

3. संस्कृतिकरण की प्रक्रिया में कौन सा वर्ग उच्च जातियों की जीवनशैली को अपनाता है? 1

Which social group adopt the lifestyle of the upper casts in the process of Sanskritisation?

4. परिवार और संबंधो की अवधारणा आधुनिक समाज में कैसे विकसित हो रही है? 1

How is the concept of family and relationship evolving in modern society?

5. रोजगार के पैटर्न में औद्योगीकरण से क्या बदलाव आया? 1

What changes did industrialisation bring in the pattern of employment?

6. ग्रामीण विकास योजनाओं के समाज पर प्रभाव का एक स्पष्ट उदाहरण दीजिए? 1

Give a clear example of the impact of rural development schemes on society?

7. भारत में जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करने के लिए कौन सा सरकारी कार्यक्रम अपनाया गया है? 1

Which government program has been adopted to control the population growth rate in India?

8. प्रबल जाति किसे कहते हैं? 2

What is called a dominant caste?

9. औद्योगीकरण की दो विशेषताएं लिखें। 2

Write the two features of industrialization

10. औद्योगीकरण ने ग्रामीण जाति व्यवस्था को कैसे प्रभावित किया? 2

How did industrialisation affect the rural caste system?

11. सरकार की नीतियां अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के उत्थान को कैसे प्रभावित करती हैं? 2

How do government policies affect the upliftment of Other Backward Classes (OBC)?

12. औद्योगीकरण और नगरीकरण साथ होने वाली प्रक्रियाएं क्यों कहलाती हैं? 2

Why industrialisation and urbanisation said to be simultaneous process?

13. पारिवारिक संरचना में आये परिवर्तनों को किसी उदाहरण से स्पष्ट कीजिए। 2

Explain the changes in family structure with an example.

14. आर्थिक असमानता का प्रभाव समाज पर कैसे पड़ता है? 2

How does economic inequality affect society?

15. पश्चिमीकरण की प्रक्रिया ने भारतीय सामाजिक संरचना में क्या बदलाव किये? 2

What changes did the process of westernisation bring about in the Indian social structure?

16. उदारीकरण ने भारत में ओद्यौगिक श्रमिकों को कैसे प्रभावित किया? 2

How did liberalisation affect industrial workers in India?

17. दलित आंदोलन के मुख्य उद्देश्य क्या थे? 2

What were the main objectives of the Dalit movement?

18.भारतीय समाज में परिवार के विविध रूप क्या हैं? 3

What are the different forms of family in the Indian society?

19.19वीं और 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में हुए समाज सुधार आंदोलनों के क्या कारण थे? 3

What are the causes of the social reform movements of the early 19th and 20th centuries.

20.भारत में सांप्रदायिकता के प्रमुख लक्षण क्या हैं? 3

What are the main features of communalism in India?

21.उदारीकरण ने रोजगार के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया? 3

How did liberalisation affect employment patterns?

22.जाति आधारित आंदोलनों ने भारत में सामाजिक न्याय में कैसे योगदान दिया है? समझाइये। 3

How have cast based movements contributed to social justice in India? Explain.

23.भारत में लिंगानुपात असंतुलन से उत्पन्न सामाजिक समस्याओं का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए। 3

Analyse the social problems arising out of sex ratio imbalance in India with examples.

**अथवा / OR**

भारत की जनसंख्या नीति (1952–2022) की प्रभावशीलता का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the effectiveness of Idia's population policy (1952-2022).

24.संचार माध्यमों ने दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज की धारणा बदलने में किस प्रकार योगदान दिया है? 3

How has the media contributed to changing society's perception for persons with disabilities?

25.औद्योगीकरण और नगरीकरण ने समाज की संरचना को कैसे बदला? इसका मूल्यांकन करें। 3

How did industrialisation and urbanisation change the structure of society? Evaluate it.

26.माल्थस सिद्धांत के अनुसार जनसंख्या और खाद्य उत्पादन का संबंध क्या है? 5

What is the relationship between population and food production according to Malthus's theory?

**अथवा / OR**

भारत में जनसंख्या वृद्धि के क्या कारण हैं? स्पष्ट कीजिए।

What are the reasons for population growth in India? Explain.

27.पारिस्थितिकीय आंदोलन से आप क्या समझते हैं? चिपको आंदोलन का उदाहरण देकर व्याख्या कीजिए। 5

What do you understand by ecological movement? Explain it by giving the example of Chipko movement.

**अथवा / OR**

जनजातीय आंदोलन के कारण, उदाहरण और प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

Explain the causes, examples and effects of tribal movements.

28.उदारीकरण का ग्रामीण विकास पर क्या प्रभाव पड़ा? सविस्तार समझाइए। 5

What impact did liberalisation have on rural development? Explain in detail.

**अथवा / OR**

''भूमि सुधार कार्यक्रमों ने ग्रामीण सामाजिक संरचना को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है''। इसका सविस्तार वर्णन करें।

"Land reform programmes have made significant contributions in influencing the rural social structure". Describe it in detail.

29.भारत में क्षेत्रवाद की जड़ें भारत की भाषाओं, संस्कृतियों, जनजातियों और धर्मों की विविधता में हैं। इसे विशिष्ट क्षेत्रों में इन पहचान चिह्नों के भौगोलिक संकेंद्रण ने भी बढ़ावा दिया और क्षेत्रीय वंचना की भावना ने इसे बल दिया। भारतीय संघवाद इन क्षेत्रीय भावनाओं को समायोजित करने का एक साधन रहा है। स्वतंत्रता के बाद, आरंभ में, भारतीय राज्य ने ब्रिटिश–भारतीय व्यवस्था को जारी रखा, जिसके तहत भारत को बड़े प्रांतों में विभाजित किया गया, जिन्हें 'प्रेसिडेंसी' भी कहा जाता है। (मद्रास, बॉम्बे और कलकत्ता तीन प्रमुख प्रेसिडेंसी थीं, संयोग से, जिन तीनों शहरों के नाम पर इन प्रेसिडेंसियों का नाम रखा गया था, उन्होंने हाल ही में अपने नाम बदल लिए हैं)। ये बड़े, बहुजातीय और बहुभाषी प्रांतीय राज्य थे, जो भारत संघ नामक एक अर्ध–संघीय राज्य की प्रमुख राजनीतिक–प्रशासनिक इकाइयाँ बनाते थे।

Regionalism in India is rooted in India's diversity of languages, cultures, tribes, and religions. It is also encouraged by the geographical concentration of these identity markers in particular regions and fuelled by a sense of regional deprivation. Indian federalism has been a means of accommodating these regional sentiments. After Independence, initially, the Indian state continued with the British-Indian arrangement dividing India into large provinces, also called 'presidencies'. (Madras, Bombay, and Calcutta were the three major presidencies; incidentally, all three cities after which the presidencies were named have changed their names recently). These were large multi-ethnic and multilingual provincial states constituting the major political-administrative units of a semi-federal state called the union of India.

(क) भारत में क्षेत्रवाद की जड़ें किन तत्वों में पायी जाती हैं? 2

In which elements are the roots of regionalism found in India?

(ख) स्वतंत्रता के बाद भारत को किन बड़े प्रान्तों में बांटा गया? 1

India was divided into which major provinces after independence?

(ग) क्षेत्रवाद को बल देने में भौगोलिक संकेन्द्रण की क्या भूमिका रही? 2

What role has geographical concentration played in strengthening regionalism?